
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सेन्ट देव वाणी

आज़ादी का अमृत महोत्सव

द्वितीय अंक, ई- न्यूज़ पत्रिका, जनवरी-मार्च, 2022 आंतरिक परिचालन हेतु




# सेन्ट देव वाणी

## वार्षिक व्यावसायिक एवं महिला सशक्तिकरण विशेषांक

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, पालिका बाज़ार, देवरिया




दि.04.04.2022 को नवागंतुक क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राजेश देशपांडेय जी का स्वागत करते हुए वर्तमान माननीय क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सुशील कुमार उपाध्याय



# सेन्ट देव वाणी

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**संरक्षण एवं मार्गदर्शन:**

**श्री सुशील कुमार उपाध्याय,**
**क्षेत्रीय प्रबन्धक**

**उप संरक्षक :**

**श्री आर.एस. राय, मुख्य प्रबन्धक**

**सम्पादकीय मंडल :**

**श्री मनोज कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक,**
**श्रीमती रजनी कुमारी, वरिष्ठ प्रबंधक**

**सम्पादक**

**श्रीमती शुभ लक्ष्मी शर्मा,**
**राजभाषा अधिकारी**

इस ई-पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं से सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया का सहमत होना आवश्यक नहीं है। *कृपया इस ई–पत्रिका के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव, विचार, लेख, कहानी, कविताएं, फोटो, मनोरंजन इत्यादि पर रचनाएं, शाखा एवं स्टाफ सदस्यों की उपलब्धियां आदि* ***hindigoraro@centralbank.co.in*** *पर मेल द्वारा भेज सकते हैं.*
*विनम्र निवेदन– शुभ लक्ष्मी शर्मा, राजभाषा अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर*

## अनुक्रमणिका


1. माननीय प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय का संदेश
2. माननीय क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री सुशील कुमार उपाध्याय का संदेश
3. सम्पादकीय
4. देवरिया क्षेत्र : एक नजर में
5. शुभकामनायें
6. राष्ट्रीय बेटी दिवस कार्यक्रम
7. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
8. अपना बैंक, प्रेस मीडिया की नजर में
9. क्षेत्रीय कार्यालय की विभिन्न गतिविधियां
10. महाप्रबंधक रिटेल एवं कंज्यूमर लेंडिंग श्रीमती नमिता रॉय शर्मा का क्षेत्रीय कार्यालय देवरिया का दौरा
11. फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, श्री शिव कुमार गुप्ता क्षेत्रीय कार्यालय देवरिया का दौरा
12. सेवा निवृत्ति श्री राकेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, देवरिया
13. हिन्दी के प्रयोग के लिये वर्ष 2021-22 का वार्षिक कार्यक्रम
14. विनम्र श्रद्धांजलि – पद्मभूषण सुश्री लता मंगेशकर जी

# माननीय प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय का संदेश (14.03.2022)

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911

**प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की डेस्क से**

**03/2021-22** | **14 मार्च 2022**

प्रिय सेंट्रलाइट

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये खातों की वार्षिक लेखाबंदी शीघ्र आने वाली है. जब प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी चरम पर होती है. यह नियामकों और प्रतिस्पर्धियों के समक्ष अपनी व्यावसायिक क्षमता सिद्ध करने का विशिष्ट अवसर होता है.

इस समय, मैं विशेष रूप से सभी को याद दिलाना चाहूंगा कि विजन, निष्ठा, जवाबदेही, ग्राहक संबंध, टीम वर्क, फोकस, प्राथमिकता, संस्कृति इत्यादि के बारे में बैंक द्वारा कॉर्पोरेट परिपत्रों, प्रशिक्षण आदि के माध्यम से कई बार साझा किया गया है.

यह स्वाभाविक है कि जब प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी इस तरह के विशिष्ट शब्दों का प्रयोग करते हैं तो वरिष्ठतम प्रबंधक भी विनम्रता पूर्वक इससे सहमत होते हैं, लेकिन यह भी आवश्यक है कि इन संदेशों को सभी ने वास्तव में समझा हो.

मुझे आशा है कि वर्ष के इस समय, प्रत्येक सदस्य को इस बात की सही समझ होगी कि वे कौन से महत्वपूर्ण कारक हैं जो संस्थान को भविष्य में अपने व्यापार पैटर्न की स्थिरता प्रदर्शित करने में मदद कर सकते हैं.

शेष बचे दिनों में जिन प्रमुख कारकों पर ध्यान देने की आवश्यकता है वे हैं : -

- **लाभप्रदता** : आरबीआई के साथ हाल में हुई की बैठक में, नियामकों ने बैंक की लाभप्रदता पर प्रश्न उठाया था; जैसा कि आप जानते हैं, पिछले 5 वर्षों के दौरान बैंक को शुद्ध घाटा हो रहा है और चौथी तिमाही को एक अति महत्वपूर्ण अवधि माना जाता है जो अंततः चालू वर्ष के हमारे शुद्ध लाभ का निर्धारण करती है.
  - **ब्याज आय में वृद्धि** : नए ऋणों से अर्जित ब्याज आय शाखा / कार्यालय के वेतन व्यय से मेल खाये इस पर केंद्रीय कार्यालय द्वारा लगातार जोर दिया गया है, जिसे प्रत्येक व्यावसायिक इकाई और प्रशासनिक कार्यालय द्वारा सुनिश्चित करने की आवश्यकता है.
- **लक्ष्य एवं उपलब्धि** : आप सभी जानते हैं कि व्यवसाय में लक्षित वृद्धि की तुलना में उपलब्धि का स्तर आशा से बहुत कम है. मूल रूप से नियोजित वृद्धि को घटाने के बावजूद, फील्ड ने वांछित परिणाम नहीं दिए हैं. इसके अलावा अग्रिमों में कम वृद्धि भी बैंक की सतत लाभप्रदता के लिए उचित नहीं है.
  - **5 आवास ऋण की स्वीकृति के लिए अभियान** : बैंक में प्रति शाखा 5 आवास ऋण प्रस्तावों को कैनवास करने में गंभीर प्रयासों की कमी थी क्योंकि बैंक प्रति शाखा मुश्किल से 1.5 प्रस्तावों के स्तर तक पहुंच पाया था. प्रगति रिपोर्ट में पारदर्शिता भी विवादित है, हमारी शाखाओं द्वारा अपने मौजूदा ग्राहकों प्रदत्त टॉप-अप सुविधा को नयी स्वीकृतियों में गिना जा रहा है, जबकि कुछ मामलों में, वास्तविक व्यवसाय में कोई वृद्धि नहीं हुई थी.

- **आंतरिक नियंत्रण और अनुपालन** : वर्ष के दौरान नामिनल प्रविष्टियों के समाधान के लिए फील्ड में काम कर रहे कर्मचारियों द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए प्रयास प्रशंसनीय हैं. तब भी शिकायतों को कम करने और बैंक के बारे में लोक धारणा में सुधार के लिए अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है.
    - सभी स्तरों पर धोखाधड़ी/कदाचार की घटना बैंक के लिए गंभीर चिंता का विषय है, जिसे धोखेबाज और कदाचार में शामिल कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर विचार करके ही रोका जा सकता है.

मैं यह भी दोहराना चाहूंगा कि:

- मार्च, 2022 का वार्षिक समापन बैंक के व्यवसाय के लिए बेंचमार्क है.
- स्वीकृत ऋणों का संवितरण और उधारकर्ताओं द्वारा सीमाओं के प्रतिबंधित लाभ से संबंधित मुद्दों को मौजूदा उधार खातों में अधिकतम क्रेडिट ऑफ-टेक सुनिश्चित करने के लिए फील्ड द्वारा तुरंत कार्य किया जाना चाहिए।
- सीपीएसी को तेजी से कार्य करना चाहिए और आगामी अवधि में सीपीएसी द्वारा ऋण स्वीकृति बढ़ाने के लिए आंचलिक कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए.
- शाखाओं का लक्ष्य 'शून्य' एमओसी सुनिश्चित करने के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों के साथ लेखा परीक्षा अनुपालन और समन्वय होना चाहिए.

बैंक द्वारा पूर्व-संवितरण अनुमोदन, कर्मचारियों की जवाबदेही के संशोधित मानदंड आदि जैसे विभिन्न नियम कर्मचारियों द्वारा भय मुक्त ऋण देने की सुविधा के लिए स्थापित किए गए थे.

इस पूर्ण विश्वास के साथ कि संस्थान की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए शेष कार्य दिवसों में फील्ड अच्छी तरह से काम करेगा, मैं आप सभी को 2021-22 के लिए एक गर्वदायक एवं हर्षदायक वार्षिक समापन की कामना करता हूं.

कड़ी मेहनत करिये और बैंक के गौरवपूर्ण अस्तित्व के लिए परिवर्तन कारक बनिये.

भवदीय,

**एम वी राव**



# क्षेत्रीय प्रबन्धक महोदय का संदेश

**प्रिय सेंट्रलाइट साथियो,**

अपने सभी सेंट्रलाइट साथियों को भारतीय नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं. पिछले तिमाही में हमने क्षेत्र की पत्रिका "सेंट देववाणी" के हिन्दी एवं आजादी का अमृत महोत्सव विशेषांक का विमोचन हर्षोल्लास के साथ किया और इस तिमाही में आप सभी को "सेंट देववाणी" का "वार्षिक व्यावसायिक एवं महिला सशक्तिकरण विशेषांक" भेंट करते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है. साथियो, नये वर्ष के साथ नये लक्ष्य भी निर्धारित होते हैं. आप सभी से अपेक्षा है कि जिस प्रकार पिछले वित्तीय वर्ष में देवरिया क्षेत्र में विगत तिमाही में विभिन्न अभियानों जैसे कासा अभियान, अग्रिम, सफल क्रेडिट कैम्प के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप ऋण देने, वसूली द्वारा एन.पी.ए. में कमी लाने, ए.पी.वाई. में सभी शाखाओं को दिये गये लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर उत्कृष्ट कार्य किया है, इसी प्रकार अगले वित्तीय वर्ष में भी अपना सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त करेंगे. आपके सफलतापूर्वक उत्कृष्ट कार्यों हेतु मैं देवरिया क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत दोनों जनपदों देवरिया एवं बलिया की शाखाओं में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनायें देता हूं और अपेक्षा करता हूँ कि आने वाले वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी इसी उत्साह के साथ सभी लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकें. इस व्यावसायिक वर्ष में बैंक के हित में बैंक को उन्नति की ऊँचाईयों तक पहुँचाने हेतु संकल्पबद्ध होकर कार्य करें और अपने ग्राहकों के प्रति कटिबद्ध रहकर उन्हें समुचित श्रेष्ठ सेवा प्रदान करें. इस वर्ष हमारे सेंट आर. सेटी. के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन हुआ तथा उसमें प्रशिक्षण कार्य का भी शुभारम्भ हो चुका है जिसके लिये मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें देता हूं.

हाल ही में वर्ष 2022-23 में सपन्न हुई विभिन्न वर्गों की पदोन्नति प्रक्रिया में सफल हुए अधिकारियों/कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे अपने नये कार्यभारों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए बैंक की लाभप्रदता एवं व्यवसाय में अपना महत्वपूर्ण योगदान करेंगे.

बैंकों में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, देवरिया के बैनर तले इस वर्ष राजभाषा शील्ड शुरू की गयी जिसके अंतर्गत हमारे बैंक को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ. इसके लिये भी आप सभी प्रशंसा के पात्र हैं. इसी क्रम में समिति की पत्रिका "देवनंदिनी" के चौथे अंक का विमोचन भी हर्षोल्लास के साथ किया गया.

साथियों, मेरा स्थानांतरण लखनऊ हो चुका है और इस पत्रिका के माध्यम से आपसे संवाद करने का शायद पुनः मौका न मिल पाये लेकिन मेरी शुभकामनायें हमेशा आप सभी के साथ हैं. हमें आशा है कि पत्रिका का यह अंक आपको पसंद आयेगा। पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं, जानकारियों एवं विभिन्न गतिविधियों से आप अवश्य लाभान्वित होंगे. आने वाला वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं भारतीय नव वर्ष 2079 आप सभी के लिये मंगलमय, स्वस्थ, सुखी, समृद्धशाली एवं खुशी भरा हो,

**इन्हीं शुभकामनाओं सहित,**

**(सुशील कुमार उपाध्याय)**
**क्षेत्रीय प्रबंधक**



# सम्पादकीय

**प्रिय साथियों,**

हम अपने क्षेत्र की पत्रिका "सेंट देव वाणी" के व्यावसायिक वार्षिक एवं महिला शक्तिकरण विशेषांक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्ष और गर्व के साथ-साथ हमारे माननीय क्षेत्रीय प्रबंधक महोदय श्री सुशील कुमार उपाध्याय के स्थानांतरित होकर जाने से कष्ट का अनुभव भी हो रहा है. तुलसीदास जी कहते हैं कि

**"मुखिया मुख सो चाहिये, खान पान कहुँ एक।**
**पालई पोषई सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ॥"**

मुखिया मुख के समान होना चाहिये जो खाने पीने को तो एक है, लेकिन विवेकपूर्वक सब अंगों का पालन-पोषण करता है. मैं यह अत्यंत हर्ष के साथ कहना चाहती हूं कि हमारे माननीय क्षेत्रीय प्रबंधक महोदय के संरक्षण में क्षेत्रीय कार्यलय के राजभाषा कक्ष को समय-समय पर आपका बहुमूल्य और अनुकरणीय मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा जिसके फलस्वरूप केंद्रीय कार्यालय द्वारा दि. 31.03.2022 को आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा ई-सम्मेलन में क्षेत्र में वर्ष 2021 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन में अनुकरणीय योगदान हेतु अधोहस्ताक्षरी को माननीय प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.वी. राव द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्तिपत्र प्राप्त हुआ. साथ ही, इस वर्ष दि.13-14 नवम्बर, 2021 को गृह मंत्रालय, भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान आयोजित "लोगो" (प्रतीक) प्रतियोगिता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, देवरिया का प्रतिनिधित्व करते हुए उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वार सहभागिता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ. इसके लिये आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं. जिस प्रकार बूंद-बूंद मिलकर सागर के निर्माण में सहयोग देती है, ठीक उसी प्रकार यह उपलब्धि क्षेत्र के सभी स्टाफ सदस्यों के सम्मिलित प्रयासों का प्ररिणाम है. विगत तिमाही में वर्ष पर्यंत विभिन्न पैरामीटरों पर अच्छा कार्य करने वाले सभी शाखा प्रबंधक साथियों को माननीय महाप्रबंधक, रिटेल एवं कंज्यूमर लेंडिंग, केंद्रीय कार्यालय, मुम्बई श्रीमती नमिता रॉय शर्मा एवं फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ श्री शिव कुमार गुप्ता द्वारा क्रमश: दि.15.02.2022 एवं 07.03.2022 को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया, उन्हें हार्दिक अभिनंदन एवं बधाई. इस दौरान "सेंट देववाणी" पत्रिका हिन्दी एवं आजादी का अमृत महोत्सव विशेषांक जो कि प्रथम अंक भी था, का विमोचन किया गया साथ ही एक हिन्दी सूक्ति का पोस्टर का भी विमोचन किया गया. आप सभी से नम्र निवेदन है कि अपने कार्यालयीन कार्य में हिन्दी का दैनिक रूप से प्रयोग करके हम अपने संवैधानिक कर्तव्य को प्रेमपूर्वक निभायें तथा समस्त लक्ष्यों को आगे अनवरत बढ़ते हुए प्राप्त करें.

आपके अनमोल सुझावों का मान रखते हुए हमने इस पत्रिका को क्षेत्रीय कार्यालय एवं इसके अंतर्गत क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं में हो रही विविध गतिविधियों के साथ–साथ स्टाफ की रचनाओं से एवं विविध विचारों से सजाया है. पत्रिका के इस विशेषांक में क्षेत्र की गतिविधियों के साथ ही क्षेत्र में कार्यरत स्टाफ सदस्यों की वर्ष पर्यंत उपलब्धियों को शामिल किया गया है. पत्रिका को सजाने–संवारने, तैयार करने में सहयोग देने के लिये सभी सम्पादक मंडल के सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद.

हम अपने सुधी पाठकों का अपने विचारों/ प्रतिक्रियाओं द्वारा हमारा मनोबल बढ़ाने के लिये हृदय से आभार प्रकट करते हैं साथ ही उम्मीद करते है कि यह ई–पत्रिका आपको पसंद आयेगी. आपसे नम्र निवेदन है कि अपने सुझाव, निबंध, लेख, कहानी, कविता, संस्मरण आदि द्वारा इसे समृद्ध बनायें.

ईश्वर से आपके आने वाले भारतीय नव वर्ष 2079 एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामनाओं सहित,

***(शुभ लक्ष्मी शर्मा)***
***राजभाषा अधिकारी***

# देवरिया क्षेत्र एक नजर में

## 31.03.2022 को देवरिया का व्यवसाय

| पैरामीटर | 31.12.2021 | 31.03.2022 | प्रगति |
|---|---|---|---|
| चालू खाता | 86.94 | 87.75 | 0.81 |
| बचत खाता | 2534.54 | 2639.18 | 104.64 |
| कासा | 2621.48 | 2726.93 | 105.45 |
| कुल जमा | 3899.1 | 4008.27 | 109.17 |
| कुल अग्रिम | 710.97 | 749.94 | 38.97 |
| कुल व्यवसाय | 4610.07 | 4758.21 | 148.14 |
| कृषि | 339.14 | 353.06 | 13.92 |
| एमएसएमई | 226.66 | 241.30 | 14.64 |
| प्राथमिक क्षेत्र | 596.35 | 626.96 | 30.61 |
| खुदरा | 145.07 | 155.23 | 10.16 |
| एनपीए | 73.93 | 80.24 | 6.31 |

## क्षेत्र देवरिया में विभिन्न जनपद में कुल 60 शाखायें

1. देवरिया - 35 शाखायें
2. बलिया - 25 शाखायें

# शुभकामनायें




सतर्कता जागरुकता अभियान के दौरान केंद्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में श्री वी.के. श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक, ने आंचलिक कार्यालय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की जिसका प्रमाण पत्र दि. 07.03.2022 को प्रदान करते हुए श्री शिव कुमार गुप्ता, फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ. साथ में मंचासीन श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक एवं श्री मनोज सिन्हा, मुख्य प्रबंधक.

दि.13-14 नवम्बर, 2021 को भारत सरकार, गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग, द्वारा संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन हेतु आयोजित **"लोगो"** (प्रतीक चिह्न) **प्रतियोगिता** में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, देवरिया का प्रतिनिधित्व करते हुए सहभागिता हेतु सुश्री शुभ लक्ष्मी शर्मा, राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव नराकास, देवरिया को सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ.



भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

सहभागिता प्रमाण पत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में दिनांक 13-14 नवम्बर, 2021 को वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन हेतु आयोजित "लोगो" (प्रतीक चिन्ह) प्रतियोगिता में श्री/सुश्री शुभ लक्ष्मी शर्मा पदनाम राजभाषा अधिकारी संगठन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, देवरिया द्वारा सहभागिता की गई।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

संयुक्त सचिव, भारत सरकार

क्षेत्र गोरखपुर एवं देवरिया में वर्ष 2021 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु माननीय प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.वी. राव द्वारा सुश्री शुभ लक्ष्मी शर्मा, राजभाषा अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर एवं देवरिया को प्रशस्ति पत्र ऑनलाइन प्राप्त किया जिसे क्षेत्रीय प्रबंधक, गोरखपुर श्री एल.बी. झा द्वारा प्रदान किया गया.



# आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम




## आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दि.24.01.2022 को राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, देवरिया से जारी की गई वीडियो

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (दि.08.03.2022)




*दि. 08.03.2022 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, देवरिया में श्री मनोज सिन्हा, मुख्य प्रबंधक की अध्यक्षता में क्षेत्र की सभी महिला सेंट्रलाइट अधिकारियों कर्मचारियों ने मिल कर केक काट कर मनाया. इस अवसर पर श्री राकेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, देवरिया, श्रीमती रजनी कुमारी, व.प्र., नीलम कुमारी, पूजा कुमारी, तबीबा तस्कीन, स.प्र., पुष्पा विश्वकर्मा, स.प्र., आकृति बक्शी आदि शामिल रहे.*




महिला
WOMENS






















Central Bank of India
HAPPY
WOMEN'S
DAY
8th March

# अपना बैंक प्रेस मीडिया की नजर में

स्वतंत्र चेतना

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन



जिलाधिकारी ने किया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन



आज — देवरिया-कुशीनगर

## डीएम ने किया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उदघाटन



## सेंट वाहिनी और गृह लक्ष्मी कैंपेन को दिखाई हरी झंडी

देवरिया | निज संवाददाता

**आयोजन**

- फील्ड महाप्रबंधक ने महिलाओं की वाहन रैली को किया रवाना
- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने शिविर का आयोजन किया

सेंट ग्रामीण स्वरोजगार व प्रशिक्षण संस्थान के पुरुषोत्तमपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र से सोमवार को वाहन रैली रवाना हुई। यह महिलाएं सेंट वाहिनी व गृह लक्ष्मी कैंपेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर नए भवन में प्रशिक्षण का शुभारंभ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड महा प्रबंधक शिव कुमार गुप्ता ने किया।

महा प्रबंधक ने परिसर में पौधरोपण किया। इस मौके पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने निः शुल्क पशुधन चिकित्सा शिविर का पुरुषोत्तमपुर में किया। इसमें ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें पशु चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार त्रिपाठी ने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को कम ब्याज दर पर वाहन ऋण सेंट वाहिनी व गृह ऋण सेंट गृह लक्ष्मी कैम्पेन की शुरुआत हुई। क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील कुमार उपाध्याय, जिला अग्रणी प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान



## सेंट्रल बैंक की जीएम ने बांटे 14.30 करोड़ के ऋण

अमर उजाला — देवरिया

## शिविर में 14.30 करोड़ ऋण मंजूर



सहारा

## जन-जन तक पहुंचे बैंक ऋण योजनाएं : महाप्रबंधक



## महिलाओं को कम ब्याज दर पर मिलेगा ऋण



## महिलाओं को स्वरोजगार और ऋण दिलाने में मदद करेगा बैंक

### –कौशल विकास योजना के तहत किया गया ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण

देवरिया। आजादी के अमृत महोत्सव, विश्व महिला दिवस के क्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कैम्पेन एवं आर सेटी के नवनिर्मित परिसर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ अंचल के फील्ड महा प्रबंधक शिव कुमार गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास योजना के क्रम में युवाओं एवं महिलाओं को समुचित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। अग्रणी बैंक होने के कारण हमारी जिम्मेदारी इस दिशा में अधिक है और हम इसी योजना के तहत पूरा भी कर रहे हैं। इस दौरान प्रबंधक ने परिसर में पौधा रोपण भी किया।

इसी क्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नि. शुल्क पशुधन चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम पुरुषोत्तमपुर में किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

जिसमें पशु चिकित्सक डॉक्टर अशोक कुमार त्रिपाठी एवं विभाग के कर्मचारियों का सहयोग रहा। इस अवसर पर महिलाओं को कम ब्याज दर पर वाहन ऋण, सेंट वाहिनी, गृह ऋण, सेंट गृह लक्ष्मी कैम्पेन की शुरूआत और वाहन रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। क्षेत्रीय महाप्रबंधक सुशील कुमार उपाध्याय ने बैंक की योजनाओं के प्रसार प्रचार एवं जनता को इसका लाभ दिलाए जाने पर जोर दिया। का लाभ पहुँच सके।

इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त शाखा प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई। महा प्रबन्धक एवं क्षेत्रीय प्रबंधक ने बैठक को संबोधित करते हुए समस्त शाखाओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही बैंक की योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के विकास में योगदान देने को कहा। इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक मनोजकुमार सिन्हा एवं बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय कार्यालय, देवरिया में विभिन्न गतिविधियां





दि.05.02.2022 को सेंट ग्रामीण स्वरोजगार के प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया के नव निर्मित प्रशिक्षण भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में श्री आशुतोष निरंजन, (आईएएस), श्री रविंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी देवरिया, श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक व अन्य.



दि. 15-31 जनवरी, 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, देवरिया के अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए श्री सुशील कुमार उपध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक. साथ में श्री मनोज सिन्हा, श्री आर.एस. राय, मु.प्र.  व क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण.



दि.26.01.2022 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते हुए श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक. उक्त अवसर पर श्री मनोज सिन्हा, मु.प्र., श्री आर.एस. राय, मु.प्र. श्री राकेश कुमार, व.प्र., सुश्री आकृति व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी मौजूद रहे.



# श्रीमती नमिता रॉय शर्मा, महाप्रबंधक/ रिटेल एवं कंज्यूमर लेंडिंग, केंद्रीय कार्यालय, मुम्बई का देवरिया दौरा (दि.15.02.2022)












दि.15.02.2022 को क्षेत्रीय कार्यालय देवरिया दौरे पर आयीं श्रीमती नमिता रॉय शर्मा देवरिया में श्री सुशील कुमार उपाध्याय, माननीय क्षेत्रीय प्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक में शाखा प्रबंधकों को अधिक से अधिक अपने व्यवसाय को बढ़ाने हेतु अपने सुझाव देते हुए, राजभाषा कक्ष, देवरिया द्वारा प्रकाशित क्षेत्र की पत्रिका "सेंट देववाणी" के हिन्दी एवं आजादी का अमृत महोत्सव विशेषांक का विमोचन करते हुए. साथ में मंचासीन श्री मनोज कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक, श्री आर.एस. राय, मुख्य प्रबंधक, श्री राकेश कुमार, व.प्र., श्रीमती रजनी कुमारी, व.प्र. एवं सुश्री शुभ लक्ष्मी शर्मा, राजभाषा अधिकारी.

**विभिन्न पैरामीटरों पर श्रीमती नमिता रॉय शर्मा, महाप्रबंधक/ रिटेल एवं कंज्यूमर लेंडिंग, केंद्रीय कार्यालय, मुम्बई द्वारा दि.15.02.2022 को पुरस्कृत**


श्री प्रकाश चंद्र, राघवनगर


श्री एक्षवाक सिंह, बेल्थरा रोड



श्री संतोष राठौड़, खुखुंदु


श्री अमित अग्रवाल, सिकंदरपुर


श्री संजीव कुमार, चितबड़ गांव



श्री सौरभ अग्रवाल, रसड़ा

# श्री शिव कुमार गुप्ता, माननीय फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ का देवरिया दौरा (दि.07.03.2022)



*दि.07.03.2022 को सेंट ग्रामीण स्वरोजगार के प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया के नव निर्मित भवन में प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ करते हुए श्री शिव कुमार गुप्ता, माननीय फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ. साथ में श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री मनोज सिन्हा, श्री राकेश कुमार, जिला अग्रणी प्रबंधक एवं निदेशक आर.सेटी, देवरिया आदि.*

"लाखों लोगों के आप पर भरोसा करने से कोई फर्क नहीं पड़ता अगर आप ही खुद पर भरोसा नहीं करते"




*दि.07.03.2022 को सेंट ग्रामीण स्वरोजगार के प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया के नव निर्मित भवन में प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए श्री शिव कुमार गुप्ता, माननीय फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ, मंचासीन श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री राकेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, देवरिया, श्री आर.के. पांडेय, अग्रणी जिला प्रबंधक, बलिया, श्री मनोज सिन्हा, मु.प्र. आदि.*




*दि. 07.03.2022 को श्री शिव प्रकाश गुप्ता, फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ के देवरिया आगमन पर श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री मनोज सिन्हा, मुख्य प्रबंधक, श्री आर.के. पांडेय, जिला अग्रणी प्रबंधक, बलिया एवं सुश्री शुभ लक्ष्मी शर्मा, राजभाषा अधिकारी, राजभाषा एवं सूक्ति संदेश सम्बंधित पोस्टर का विमोचन करते हुए.*



*दि.07.03.2022 को सेंट ग्रामीण स्वरोजगार के प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया के नव निर्मित भवन में पौधारोपण करते हुए श्री शिव कुमार गुप्ता, माननीय फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ, श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री मनोज सिन्हा, मु.प्र. आदि.*



*दि. 07.03.2022 को श्री शिव कुमार गुप्ता, फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ के देवरिया आगमन पर श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री मनोज सिन्हा, मु.प्र., श्री वी.के. श्रीवास्तव, स.प्र., श्रीमती रजनी कुमारी, व.प्र., सुश्री शुभ लक्ष्मी शर्मा, राजभाषा अधिकारी, श्री राकेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक आदि नारी शक्ति रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए.*



दि. 07.03.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ग्राम पुरुषोत्तमपुर, देवरिया में नि:शुल्क पशुधन चिकित्सा शिविर में श्री शिव कुमार गुप्ता, फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ ग्रामीणवासियों को नि:शुल्क दवायें वितरित करते हुए. मंचासीन हैं श्री सुशील कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री मनोज सिन्हा, मु.प्र., श्री राकेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, देवरिया, श्री आर.के. पांडेय, अग्रणी जिला प्रबंधक, बलिया, देवरिया, पशु विशेषज्ञ डॉक्टर व अन्य.



दि. 07.03.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पुरुषोत्तमपुर, देवरिया में नि:शुल्क पशुधन चिकित्सा शिविर में श्री शिव कुमार गुप्ता, फील्ड महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ ग्रामीणवासियों की गाय को माला पहनाते हुए. साथ में हैं श्री सुशील कुमार उपाध्याय, माननीय क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री राकेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, देवरिया, पशु विशेषज्ञ डॉक्टर व अन्य.

# सेवा निवृत्ति/ RETIREMENT




श्री राकेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, देवरिया, सेवानिवृत्ति की तारीख: 31.03.2022. शॉल, पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिह्न प्रदान कर सम्मानित करते हुए माननीय क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सुशील कुमार उपाध्याय. इस अवसर पर श्रीमती राकेश कुमार तथा क्षेत्रीय कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

**"अनुशासन का मूल्य हमेशा पछतावे की कीमत से कम होता है."**

**"The cost of discipline is always less than than the price of regret."**

# हिन्दी के प्रयोग के लिये वर्ष 2021-22 का वार्षिक कार्यक्रम

| क्र.सं. | कार्य विवरण | "क" क्षेत्र | "ख" क्षेत्र | "ग" क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी में मूल पत्राचार (ई-मेल सहित) | 1. क क्षेत्र से क क्षेत्र को **100%**<br>2. क क्षेत्र से ख क्षेत्र को **100%**<br>3. क क्षेत्र से ग क्षेत्र को **65%**<br>**4.** क क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/ व्यक्ति **100%** | 1 ख क्षेत्र से क क्षेत्र को **90%**<br>2 ख क्षेत्र से ख क्षेत्र को **90%**<br>3 ख क्षेत्र से ग क्षेत्र को **55%**<br>**4.**ख क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति **90%** | 1 ग क्षेत्र से क क्षेत्र को **55%**<br>2 ग क्षेत्र से ख क्षेत्र को **55%**<br>3 ग क्षेत्र से ग क्षेत्र को **55%**<br>**4.** ग क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति **55%** |
| 2. | हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना | **100%** | **100%** | **100%** |
| 3. | हिंदी में टिप्पण | **75%** | **50%** | **30%** |
| 4. | हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम | **70%** | **60%** | **30%** |
| 5. | हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती | **80%** | **70%** | **40%** |
| 6. | हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण (स्वयं तथा सहायक द्वारा) | **65%** | **55%** | **30%** |
| 7. | हिंदी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि) | **100%** | **100%** | **100%** |
| 8. | द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना | **100%** | **100%** | **100%** |
| 9. | जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुल अनुदान में से डिजिटल वस्तुओं अर्थात् हिंदी ई-पुस्तक, सीडी/ डीवीडी, पैनड्राइव तथा अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं से हिंदी में अनुवाद पर व्यय की गई राशि सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय। | **50%** | **50%** | **50%** |
| 10. | कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद । | **100%** | **100%** | **100%** |
| 11. | वेबसाइट द्विभाषी हो | **100%** | **100%** | **100%** |
| 12. | नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्डों आदि का प्रदर्शन द्विभाषी हो | **100%** | **100%** | **100%** |

जब ईश्वर देखेंगे कि तुम अपने हिस्से का काम कर रहे हो तो बाकी काम वो कर देंगे.

# हिन्दी के प्रयोग के लिये वर्ष 2021-22 का वार्षिक कार्यक्रम

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | (i) मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों (उ.स./निदे./सं.स.) द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण (कार्यालयों का प्रतिशत) | 25% (न्यूनतम) | 25% (न्यूनतम) | 25% (न्यूनतम) |
| | (ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण | 25% (न्यूनतम) | 25% (न्यूनतम) | 25% (न्यूनतम) |
| | (iii) विदेश में स्थित केंद्र सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण के अधीन कार्यालयों/उपक्रमों का संबंधित अधिकारियों तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण | | वर्ष में कम से कम एक निरीक्षण | |
| 14. | राजभाषा संबंधी बैठकें<br>(क) हिंदी सलाहकार समिति<br>(ख) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति | | वर्ष में 2 बैठकें<br>वर्ष में 2 बैठकें (प्रति छमाही एक बैठक) | |
| | (ग) राजभाषा कार्यान्वयन समिति | | वर्ष में 4 बैठकें (प्रति तिमाही एक बैठक) | |
| 15. | कोड, मैनुअल, फॉर्म, प्रक्रिया और साहित्य का हिंदी अनुवाद | 100% | 100% | 100% |
| 16. | मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के ऐसे अनुभाग जहां संपूर्ण कार्य हिंदी में हों। | 40% | 30%<br>(न्यूनतम अनुभाग) | 20% |

## विदेशों में स्थित भारतीय कार्यालयों के लिए कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (क) | हिंदी में पत्राचार (भारत/ विदेश स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के साथ) | 50% |
| (ख) | फाइलों पर हिंदी में टिप्पण | 50% |
| (ग) | वर्ष के दौरान नराकास की आयोजित बैठकों की संख्या (नराकास का गठन किसी नगर में केंद्र सरकार के 10 कार्यालय या अधिक होने की स्थिति में किया जाए) | प्रत्येक छमाही में एक बैठक |
| (घ) | वर्ष के दौरान विराकास (विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति) की आयोजित बैठकों की संख्या (विराकास का गठन कार्यालय-अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया जाए) | प्रत्येक तिमाही में एक बैठक |
| (ङ) | कंप्यूटरों सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी उपलब्धता | 100% |
| (च) | हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी / आशुलिपिक | प्रत्येक कार्यालयों में कम से कम एक |
| (छ) | दुभाषियों की व्यवस्था | प्रत्येक मिशन/दूतावास में स्थानीय भाषा से हिंदी में और हिंदी से स्थानीय भाषा में अनुवाद के लिए दुभाषिए की व्यवस्था की जाए। |




# सुश्री लता मंगेशकर जी (28.09.1929-06.02.2022)

पुरस्कार/ अवार्ड – पद्म भूषण (1969), दादा साहब फाल्के अवार्ड (1989) , महाराष्ट्र भूषण (1997), पद्मविभूषण (1999) , भारत रत्न (2001)

भारत रत्न, स्वर कोकिला, सुर सम्राज्ञी, श्रद्धेया लता दीदी का जाना शताब्दी के एक विराट स्वर का मौन हो जाना है। सारी दुनिया को अपने मधुर स्वर के उदार आँचल में समेट लेने वाली लता जी के लिये आज भारत ही नहीं दुनिया के हृदय विह्वल और आँखें नम हैं। ऐसी अविस्मरणीय विभूति को सादर नमन, विनम्र श्रद्धांजलि.

**“नाम गुम जायेगा, चेहरा ये बदल जायेगा,**
**मेरी आवाज ही पहचान है, गर याद रहे.”**

लता मंगेशकर (28 सितंबर 1929 – 6 फ़रवरी 2022) *भारत* की भारत रत्न, स्वर कोकिला, सुर सम्राज्ञी, श्रद्धेया लता सबसे लोकप्रिय और आदरणीय लता जी का जाना शताब्दी के एक विराट स्वर का मौन हो जाना है। सारी दुनिया को अपने मधुर स्वर के उदार आँचल में समेट लेने वाली लता जी, जिनका छः दशकों का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा पड़ा है। लता जी ने लगभग तीस से ज्यादा भाषाओं में फ़िल्मी और गैर-फ़िल्मी गाने गाये हैं लेकिन उनकी पहचान भारतीय सिनेमा में एक पार्श्वगायिका के रूप में रही है। अपनी बहन आशा भोंसले के साथ लता जी का फ़िल्मी गायन में सबसे बड़ा योगदान रहा है।

| | |
|---|---|
| जन्म | हेमा मंगेशकर 28 सितम्बर 1929 इन्दौर,मध्य भारत, भारत |
| मृत्यु | 6 फ़रवरी 2022 (उम्र 92) मुंबई, महाराष्ट्र, भारत |
| राष्ट्रीयता | भारतीय |
| अन्य नाम | स्वर-साम्राज्ञी, राष्ट्र की आवाज, सहराब्दी की आवाज, भारत कोकिला,<br>स्वर कोकिला |
| व्यवसाय | पार्श्वगायिका,संगीत निदेशक,निर्माता |
| कार्यकाल | 1942 से 2022 |
| माता-पिता | दीनानाथ मंगेशकर (पिता)<br>शेवन्ती मंगेशकर (माता) |
| संबंधी | मीना खाडीकर् (बहन)आशा भोसले (बहन)<br>ऊषा मंगेशकर (बहन)<br>हृदयनाथ मंगेशकर (भाई) |
| पुरस्कार | • राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार<br>• बंगाल फ़िल्म पत्रकार संगठन पुरस्कार<br>• फ़िल्मफ़ेयर सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका पुरस्कार<br>• फिल्मफेयर विशेष पुरस्कार<br>• फिल्मफेयर आजीवन लब्धि पुरस्कार |
| हस्ताक्षर |  |

लता की जादुई आवाज़ के भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ पूरी दुनिया में दीवाने हैं। टाईम पत्रिका ने उन्हें भारतीय पार्श्वगायन की अपरिहार्य और एकछत्र साम्राज्ञी स्वीकार किया है। भारत सरकार ने उन्हें 'भारतरत्न' से सम्मानित किया था।

इनकी मृत्यु कोविड से जुड़े जटिलताओं से 6 फरवरी 2022 रविवार माघ शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि वि स 2078 (पंचक) को मुम्बई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में हुई। वे कुछ समय से बीमार थीं। उनकी महान गायकी और सुरमय आवाज के दीवाने पूरी दुनिया मे हैं। प्यार से सब उन्हें 'लता दीदी' कहकर पुकारते हैं।

लता जी का जन्म एक कर्हाडा ब्राह्मण दादा और गोमंतक मराठा दादी के परिवार में, मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में सबसे बड़ी बेटी के रूप में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के मध्यवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता रंगमंच एलजी के कलाकार और गायक थे। इनके परिवार से भाई हृदयनाथ मंगेशकर और बहनों उषा मंगेशकर, मीना मंगेशकर और आशा भोंसले सभी ने संगीत को ही अपनी आजीविका के लिये चुना।

हालाँकि लता का जन्म इंदौर में हुआ था लेकिन उनकी परवरिश महाराष्ट्र में हुई। वह बचपन से ही गायक बनना चाहती थीं। बचपन में कुन्दन लाल सहगल की एक फ़िल्म चंडीदास देखकर उन्होंने कहा था कि वो बड़ी होकर सहगल से शादी करेगी। पहली बार लता ने वसंत जोगलेकर द्वारा निर्देशित एक फ़िल्म कीर्ती हसाल के लिये गाया। उनके पिता नहीं चाहते थे कि लता फ़िल्मों के लिये गाये इसलिये इस गाने को फ़िल्म से निकाल दिया गया। लेकिन उसकी प्रतिभा से वसंत जोगलेकर काफी प्रभावित हुये।

पिता की मृत्यु के बाद (जब लता सिर्फ़ तेरह साल की थीं), लता को पैसों की बहुत किल्लत झेलनी पड़ी और काफी संघर्ष करना पड़ा। उन्हें अभिनय बहुत पसंद नहीं था लेकिन पिता की असामयिक मृत्यु की कारण से पैसों के लिये उन्हें कुछ हिन्दी और मराठी फिल्मों में काम करना पड़ा। अभिनेत्री के रूप में उनकी पहली फिल्म पाहिली मंगलागौर (1942) रही, जिसमें उन्होंने स्नेहप्रभा प्रधान की छोटी बहन की भूमिका निभाई। बाद में उन्होंने कई फ़िल्मों में अभिनय किया जिनमें, माझे बाल, चिमुकला संसार (1943), गजभाऊ (1944), बड़ीमाँ (1945), जीवनयात्रा (1946), माँद (1948), छत्रपति शिवाजी (1952) शामिल थी। बड़ी माँ में लता ने नूरजहाँ के साथ अभिनय किया और उसके छोटी बहन की भूमिका निभाई आशा भोंसले ने। उन्होंने खुद की भूमिका के लिये गाने भी गाये और आशा के लिये पार्श्वगायन किया। 1947 में वसंत जोगलेकर ने अपनी फ़िल्म आपकी सेवा में में लता को गाने का मौका दिया। इस फ़िल्म के गानों से लता की खूब चर्चा हुई। इसके बाद लता ने मज़बूर फ़िल्म के गानों "अंग्रेजी छोरा चला गया" और "दिल मेरा तोड़ा हाय मुझे कहीं का न छोड़ा तेरे प्यार ने" जैसे गानों से अपनी स्थिती सुदृढ की। हालाँकि इसके बावज़ूद लता को उस खास हिट की अभी भी तलाश थी।

1949 में लता को ऐसा मौका फ़िल्म "महल" के "आयेगा आनेवाला" गीत से मिला। इस गीत को उस समय की सबसे खूबसूरत और चर्चित अभिनेत्री मधुबाला पर फ़िल्माया गया था। यह फ़िल्म अत्यंत सफल रही थी और लता तथा मधुबाला दोनों के लिये बहुत शुभ साबित हुई। इसके बाद लता ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

विविध

- पिता दीनानाथ मंगेशकर शास्त्रीय गायक थे।
- उन्होने अपना पहला गाना मराठी फिल्म 'कीर्ती हसाल' (कितना हसोगे) (1942) में गाया था।
- लता मंगेशकर को सबसे बड़ा ब्रेक फिल्म महल से मिला। उनका गाया "आयेगा आने वाला" सुपर डुपर हिट था।
- लता मंगेशकर अब तक 20 से अधिक भाषाओं में 30000 से अधिक गाने गा चुकी हैं।

- लता मंगेशकर ने 1980 के बाद से फ़िल्मो में गाना कम कर दिया और स्टेज शो पर अधिक ध्यान देने लगी।
- लता ही एकमात्र ऐसी जीवित व्यक्ति थीं जिनके नाम से पुरस्कार दिए जाते हैं।
- लता मंगेशकर ने आनंद घन बैनर तले फ़िल्मो का निर्माण भी किया है और संगीत भी दिया है।
- वे हमेशा अपने पैर से चप्पल उतार कर ही (नंगे पाँव) स्टूडियो, स्टेज आदि पर गाना रिकार्डिंग करती अथवा गाती थीं।

पुरस्कारसंपादित करें

- फिल्म फेयर पुरस्कार (1958, 1962, 1965, 1969, 1993 और 1994)
- राष्ट्रीय पुरस्कार (1972, 1975 और 1990)
- महाराष्ट्र सरकार पुरस्कार (1966 और 1967)
- 1969 - पद्म भूषण
- 1974 - दुनिया में सबसे अधिक गीत गाने का गिनीज़ बुक रिकॉर्ड
- 1989 - दादा साहब फाल्के पुरस्कार
- 1993 - फिल्म फेयर का लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार
- 1996 - स्क्रीन का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार
- 1997 - राजीव गांधी पुरस्कार
- 1999 - एन.टी.आर. पुरस्कार
- 1999 - पद्म विभूषण
- 1999 - ज़ी सिने का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार
- 2000 - आई. आई. ए. एफ. का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार
- 2001 - स्टारडस्ट का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार
- 2001 - भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान "भारत रत्न"
- 2001 - नूरजहाँ पुरस्कार
- 2001 - महाराष्ट्र भूषण

